

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस पर जताया भरोसा, टेस्ट कप्तानी से हटाने की अटकलों पर लगा विराम, बोर्ड ने सर्वसम्मति से किया समर्थन

सिडनी

क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड ने पैट कमिंस को टेस्ट कप्तान के रूप में अपना सर्वसम्मत समर्थन दिया है। दक्षिण अफ्रीका के 2018 दौरे से जुड़े विवाद पर फिर से उठे सवालों के बीच बोर्ड की हुई बैठक में कमिंस के नेतृत्व पर भरोसा जताया गया। इस बैठक में क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अध्यक्ष डेविड बून और मुख्य कार्यकारी अधिकारी टाड ग्रीनबर्ग ने सिडनी में कमिंस से मुलाकात की।

बोर्ड की ओर से जारी बयान के अनुसार, बैठक में कमिंस के व्यक्तिगत कल्याण, टीम को आवश्यक सहयोग और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा था कि यदि कमिंस को टेस्ट कप्तानी से हटाया जाता है तो उन्हें भी टीम में अपने भविष्य पर विचार करना पड़ेगा।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अध्यक्ष डेविड बून ने कहा कि बोर्ड इस मुश्किल समय में धैर्य और जिम्मेदारी के साथ आस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने कमिंस के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है और 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे की घटनाओं से प्रभावित सभी लोगों के प्रति चिंता जताई है।

बून ने कहा कि बोर्ड पिछले आठ वर्षों में कमिंस और टीम के अन्य नेतृत्वकर्ताओं की ओर से विकसित की गई टीम संस्कृति पर गर्व करता है। उन्होंने कमिंस की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने की किसी भी आशंका को स्पष्ट रूप से खारिज किया।

कमिंस बोले- फोरम में रखूंगा अपनी बात

कमिंस ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया की ओर से गठित स्वतंत्र फोरम में शामिल होने की पुष्टि की है। इस फोरम के माध्यम से 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे से जुड़े खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य गोपनीय तरीके से अपनी बात रख सकेंगे।

कमिंस ने कहा कि डेविड बून और टाड ग्रीनबर्ग से बातचीत उनके लिए काफी मायने रखती है। आस्ट्रेलिया का कप्तान होना बड़ी जिम्मेदारी है और वह इसे कभी हल्के में नहीं लेते। उन्होंने फोरम का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि वह इसमें शामिल होंगे। उनके संपर्क में रहे खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी अपनी बात रखने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान कई मुश्किल बातचीत होंगी, लेकिन आगे बढ़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फिलहाल उनका पूरा ध्यान आस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी और पर्थ में होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज पर रहेगा।

9 दिसंबर से शुरू होगी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 9 दिसंबर से पर्थ में खेला जाएगा। कमिंस की कप्तानी में आस्ट्रेलियाई टीम इस सीरीज के साथ अपने टेस्ट अभियान को आगे बढ़ाएगी।

न्यूज ब्रीफ

जीएमआर स्पोर्ट्स ने महेला जयवर्धने बनाया क्रिकेट निदेशक, समूह की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइजियों का कामकाज देखेंगे



नई दिल्ली। जीएमआर स्पोर्ट्स ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। इससे अब जयवर्धने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी, आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स और द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव सहित समूह की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइजियों का कामकाज देखेंगे। जीएमआर स्पोर्ट्स के क्रिकेट टीम पोर्टफोलियो में, जयवर्धने क्रिकेट आपरेशन, टैलेंट की पहचान, खिलाड़ी विकास और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए रणनीतिक दिशा प्रदान करेंगे। वे हर फ्रेंचाइजी में लीडरशिप, हेड कोच और क्रिकेट मैनेजमेंट टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे। समूह की टीमों के बीच ज्ञान, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए वह हैम्पशायर के क्रिकेट डायरेक्टर जाइल्स व्हाइट के साथ भी बात करेंगे। समन्वय स्थापित करेंगे। यह नियुक्ति दिल्ली कैपिटल्स के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। टीम ने लीग शुरू होने के बाद से सभी चार संस्करणों के फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि, टीम अब तक खिताब जीतने में नाकाम रही है। जयवर्धने की विशेषज्ञता से उम्मीद है कि टीम इस बार खिताबी सूखे को खत्म कर पाएगी।उन्हें नियुक्ति करने का मुख्य लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना है, जो अब तक हर बार उपविजेता रही है। वहीं अपनी नई भूमिका को लेकर उत्साहित जयवर्धने ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स की एक मजबूत पहचान है और महिला क्रिकेट के भविष्य के लिए एक रोमांचक विजन है। मुझे डब्ल्यूपीएल टीम के लिए क्रिकेट निदेशका की भूमिका निभाने को लेकर खुशी हो रही है। मेरा ध्यान टीम को बेहतर बनाने, प्रदर्शन में ज्यादा निरंतरता लाने और यह सुनिश्चित करने पर होगा कि हम लगातार बेहतर होते रहें और टाइटल के लिए मुकाबला करते रहें। जयवर्धने हाल ही में मुंबई इंडियंस के हेड कोच का अपना रोल छोड़ चुके हैं, जिनकी कोचिंग में एमआई ने तीन बार आईपीएल का खिताब जीता था।

मुश्ताक अली ट्राफी : मध्यप्रदेश को आंध्र ने 70 रन से हराया



न्यू चंडीगढ़/इंदौर। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के एलीट ग्रुप सी मुकाबले में आंध्र ने मध्यप्रदेश को 70 रन से हरा दिया। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्यप्रदेश की टीम 18.1 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। टीम की हार की वजह शुरुआती बल्लेबाजी का लड़खड़ाना रहा। मध्यप्रदेश ने महज 19 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। आंध्र के सत्यनारायण राजू ने 14 रन देकर चार विकेट लेने के साथ तीन कैच भी पकड़े। उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आंध्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए। कप्तान रिकी भुई ने 37 गेंदों में 57 रन की पारी खेली, जबकि शेख राशिद ने 42 गेंदों में 51 रन बनाए। एम. हेमंत रेड्डी ने 17 गेंदों में 34 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मध्यप्रदेश की ओर से आवेश खान ने तीन और त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्यप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही।

हांगकांग ओपनः सात्विक-चिराग की चुनौती समाप्त, सेमीफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हारे



हांगकांग। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी का हांगकांग ओपन 2026 में सफर समाप्त हो गया है। शनिवार को खेले गए पुरुष युगल सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी को मलेशिया के आठवीं वरीयता प्राप्त मान वेई चोंग और टी काई वुन के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सात्विक-चिराग की जोड़ी 40 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 19-21 से हार गई। इस हार के साथ भारतीय चुनौती टूर्नामेंट से समाप्त हो गई। मुकाबले से पहले भारतीय जोड़ी का मलेशियाई खिलाड़ियों के खिलाफ जीत-हार का रिकार्ड 4-1 था, लेकिन इस बार वे अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। पहले गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 12-11 तक बराबर रहा, लेकिन इसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने लगातार अच्छे खेल के दम पर 17-12 की बढ़त बना ली। सात्विक और चिराग ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए स्कोर 17-17 कर दिया, लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए पहला गेम 21-18 से जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही 7-3 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, नेट पर हुई गलतियों का फायदा उठाते हुए मान-टी ने वापसी की और बढ़त अपने नाम कर ली।

बिना खेले पाकिस्तान को मिली ट्राफी तो भारत ने किया प्राइज सेरेमनी का बायकाट, ब्लाइंड एशिया कप में मचा हंगामा

ढाका

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट के मैदान पर होने वाले मुकाबले हमेशा चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मैदान पर एक भी गेंद फेंके बिना ही बड़ा विवाद खड़ा हो गया। पुरुष ब्लाइंड एशिया कप 2026 के फाइनल में बारिश ने भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले खिताबी मुकाबले पर पानी फेर दिया। इसके बाद टूर्नामेंट आयोजकों ने पाकिस्तान को चैंपियन घोषित कर दिया, जिससे भारतीय टीम और क्रिकेट एसोसिएशन फार द ब्लाइंड इन इंडिया ने कड़ी नाराजगी जताई। विरोध में भारतीय खिलाड़ियों ने प्राइज सेरेमनी में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया, जबकि पाकिस्तान की टीम ने ट्राफी अपने नाम कर ली। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के अन्विर क्रिकेट स्टेडियम-एबीजी स्पोर्ट्स सिटी में भारत और पाकिस्तान के बीच ब्लाइंड एशिया कप का फाइनल खेला जाना था। दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबले को लेकर काफी उत्साह था, लेकिन लगातार बारिश के कारण मैच शुरू ही नहीं हो सका और मुकाबले में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इसके बाद आयोजकों ने ग्रुप स्टेज की अंक तालिका को आधार बनाते हुए पाकिस्तान को टूर्नामेंट का विजेता घोषित कर दिया। पाकिस्तान की टीम ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीतकर छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रही थी। वहीं, भारतीय टीम ने तीन में से दो मैच जीते थे और चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। इसी अंतर के आधार पर पाकिस्तान को चैंपियन घोषित किया गया।

हालांकि, भारतीय टीम को यह फैसला मंजूर नहीं हुआ। भारतीय खेमे का मानना था कि जब फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नहीं खेला जा सका, तो दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाना चाहिए था। पाकिस्तान को अकेले विजेता घोषित किए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने अपना विरोध दर्ज कराया। पूरी टीम ने ट्राफी वितरण समारोह में शामिल नहीं होने का फैसला किया। दूसरी तरफ पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने ट्राफी उठाकर जीत का जश्न मनाया। इस पूरे विवाद के बीच भारतीय टीम और टूर्नामेंट अधिकारियों के बीच बहस के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें अधिकारियों के साथ विवाद होता दिखाई दे रहा है।

भारतीय क्रिकेट एसोसिएशन फार द ब्लाइंड इन इंडिया ने पाकिस्तान को अकेले विजेता घोषित करने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उनका कहना है कि टूर्नामेंट के नियमों के मुताबिक भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया जाना चाहिए था। संस्था के मुताबिक, टूर्नामेंट के तकनीकी नियमों की धारा 27 में फाइनल मुकाबला टाई होने की स्थिति का जिक्र किया गया है। संस्था का मानना है कि इस नियम के तहत दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाना चाहिए था। भारतीय संस्था ने दावा किया कि उसने इस मामले को वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल की तकनीकी समिति के सामने रखा था। समिति ने शुरुआत में दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित करने पर सहमति भी जताई थी। हालांकि, संस्था का आरोप है कि बाद में जानकारों के अनुसार और पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद फैसला बदल दिया गया। भारतीय संस्था ने यह भी आरोप लगाया कि मैच रेफरी और अंपायरों पर पाकिस्तान के पक्ष में फैसला लेने का दबाव बनाया गया।



निकोल्स नंबर तीन पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कीवी बल्लेबाज बने, एंड्रयू जोन्स को पीछे छोड़ा

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने भारतीय टीम के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी 175 रनों की नाबाद पारी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। इससे उन्होंने नंबर तीन पर अपनी अपनी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए 36 साल पुराना रिकार्ड भी तोड़ दिया है। अब निकोल्स भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कीवी बल्लेबाज एंड्रयू जोन्स को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम फरवरी 1990 से यह रिकार्ड दर्ज था। जोन्स ने आकलैंड टेस्ट की दूसरी पारी में नंबर-3 पर उतरकर नाबाद 170 रन बनाए थे। निकोल्ल की । निकोल्स ने अपनी इस पारी में धैर्य के साथ ही अपनी शानदार तकनीक का भी परिचय दिया। अब वह भारत के खिलाफ टेस्ट की एक पारी में 150 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे नंबर-3 बल्लेबाज भी बन गए हैं; उनसे पहले केवल एंड्रयू जोन्स ने यह कारनामा किया था। हालांकि, निकोल्स के पास अपनी इस पारी को और भी यादगार बनाने का मौका था। यदि वह 25 रन और बना लेते, तो भारत के खिलाफ टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज बन जाते। अब तक बर्ट सटक्लिफ (नाबाद 230), ग्राहम डाउलिंग (239), ब्रेंडन मैकुलम (302) और जेसी राइडर (201) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। इन दिग्गजों ने अपनी पारियों से न केवल मैच का रुख बदला था, बल्कि प्रशंसकों के दिलों में अपनी छाप भी छोड़ी थी। गौरतलब है कि भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की ओर से सबसे बड़ी टेस्ट पारी खेलने का रिकार्ड ब्रेंडन मैकुलम के नाम है, जिन्होंने 2014 में इसी बेसिन रिजर्व मैदान पर 302 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी। निकोल्स की 175 रन की यह शानदार पारी अब इस खास लिस्ट में भी शामिल हो गई है।

शोएब अख्तर के बोतल के ढक्कन वाले बयान से क्रिकेट जगत में खलबली



नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने क्रिकेट जगत में खलबली मचाने वाला एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि उनके खेलने के दिनों में पाकिस्तानी टीम गेंद की स्थिति बदलने के लिए सैंडपेपर का नहीं, बल्कि बोतल के ढक्कनों का इस्तेमाल करती थी। उन्होंने आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के उस दावे का भी समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने 2018 के आस्ट्रेलियाई बाल टैंपरिंग विवाद को लेकर कहा था कि यह केवल तीन खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहा होगा। शोएब अख्तर ने एक बातचीत के दौरान यह खुलासा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेंद की हालत बदलने जैसी चीजें किसी एक या दो खिलाड़ियों के स्तर पर नहीं होतीं, बल्कि टीम के बाकी सदस्यों को भी इसकी पूरी जानकारी होती है। अख्तर ने बताया कि इंग्लैंड में खेलते समय उनकी टीम बोतल के ढक्कनों से गेंद की स्थिति बदलती थी। उन्होंने कहा कि उस समय गेंद के साथ कई तरह की चीजें की जाती थीं क्योंकि रिवर्स स्विंग हासिल करना टीम के लिए बेहद जरूरी होता था और अगर गेंद रिवर्स स्विंग नहीं करती, तो मैच जीतना मुश्किल हो जाता था।

अख्तर ने यह भी कहा कि उस्मान ख्वाजा ने जो बात कही है, उसमें दम है। अख्तर का कहना है कि गेंद से छेड़छाड़ जैसा फैसला केवल कुछ खिलाड़ियों का निजी फैसला नहीं हो सकता; ड्रेसिंग रूम में इस तरह की गतिविधियों की जानकारी पूरी टीम को रहती है। उस्मान ख्वाजा ने अपनी आत्मकथा सब्र में 2018 के सैंडपेपर विवाद को लेकर कई अहम बातें कही हैं। उन्होंने दावा किया था कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उस टेस्ट मैच में गेंद से छेड़छाड़ की योजना के बारे में पूरी आस्ट्रेलियाई टीम को जानकारी थी। ख्वाजा की इस बात का समर्थन करते हुए अख्तर ने कहा कि टीम में इस तरह का काम कुछ खिलाड़ियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

हालांकि, अख्तर ने इस विवाद को दोबारा उठाए जाने के समय पर सवाल भी किया। उनका मानना है कि सच सामने आ चुका है, इसलिए अब इस मामले को जरूरत से ज्यादा खींचने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा ने सही बात कही, लेकिन इसे सामने लाने का समय बेहतर हो सकता था।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए बावुमा, मार्करम करेंगे कप्तानी



सेंचुरियन। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ 23 नवंबर से शुरु होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। बावुमा का बाहर होना मेजबान टीम के लिए करारा झटका है। एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी कप्तानी की पिंडली में खिंचाव आया है। उनकी गैरमौजूदगी में एडेन मार्करम टीम की कप्तानी संभालेंगे, जबकि बल्लेबाजी के लिए टोनी डी जार्जी को शामिल किया जा सकता है। बावुमा पहले भी चोटिल होते रहे हैं। उनका करियर लगातार मांसपेशियों, कोहनी और पिंडली की चोटों से प्रभावित रहा है। कप्तानी संभालने के बाद से ही वह संभावित 23 टेस्ट मैचों में से 7 में फिट नहीं होने कारण बाहर रहे हैं। गौरतलब है कि 36 साल के बावुमा ने अंडर-19 क्रिकेट से लेकर अब तक अलग-अलग प्रारूपों में 538 मुकाबले खेले हैं। इतने लंबे और व्यस्त करियर में शरीर पर पड़ने वाले दबाव का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। वांडरर्स में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते हुए उन्हें परेशानी हुई थी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था।

टी-20 डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, खेल पत्रकार एकादश ने भोपाल बार रेड को 4 रन से हराया

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने ओल्ड कैम्पियन मैदान पर फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की

भोपाल। पब्लिक वाणी मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय टी-20 डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर हुआ। खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने की।

इस अवसर पर खेल मंत्री सारंग ने ओल्ड कैम्पियन मैदान पर फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे मैदान पर रात्रिकालीन क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मृगेंद्र सिंह, बीडीसीए चेयरमैन सैयद साजिद अली, सचिव शांति कुमार जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति और क्रिकेटप्रेमी मौजूद रहे।

उद्घाटन मुकाबले में 4 रन से जीती पत्रकार एकादशः प्रतियोगिता का पहला मुकाबला खेल पत्रकार एकादश और भोपाल बार एसोसिएशन रेड के बीच खेला गया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 111 रन बनाए। प्रभात शुक्ला ने 29, अनूप दुबे ने 22 और अजय मौर्य ने 12 रन बनाए। भोपाल बार रेड की ओर से सुशील श्रीवास्तव ने तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल बार रेड की टीम 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। प्रभात ने 22, हीरू शर्मा ने 20 और शिवांग मालवीय ने 18 रन बनाए। पत्रकार एकादश की ओर से विवेक साध्य ने दो विकेट लिए, जबकि अजय मौर्य और प्रकाश को एक-एक विकेट मिला। इस तरह खेल पत्रकार एकादश ने रोमांचक मुकाबले में चार रन से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में फ्लड लाइट लगाने की घोषणा को भोपाल में रात्रिकालीन क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

हार्दिक पंड्या के आने से पंजाब किंग्स बेहतर टीम बनी : रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली

आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि आलराउंडर हार्दिक पंड्या के आने से टीम संतुलन बेहतर बनाने में हमें सहायता मिलेगी। इसके साथ ही टीम को एक अच्छा बल्लेबाज और गेंदबाज मिला है। जिससे दोनो ही पक्ष मजबूत हुए है। पोंटिंग के अनुसार पंड्या के शामिल होने के साथ ही टीम की सभी कमजोरियां दूर हो गई हैं और वह एक आलराउंड टीम बन गई है।

पंड्या को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बदले पंजाब किंग्स ने ट्रेड करार के जरिये हासिल किया है। पोंटिंग ने आईपीएल सत्र में टीम की रणनीतियों का खुलासा करते हुए कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य अगले तीन साल के चक्र के लिए टीम के कोर खिलाड़ियों को एकजुट रखना था। इसी रणनीति के तहत ही फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2027 की मेगा नीलामी से पहले छह खिलाड़ियों को रिलीज करने और 19 खिलाड़ियों को बरकरार रखने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि पंड्या को 18 करोड़ रुपये के ट्रेडिंग मूल्य के साथ टीम में शामिल किया गया, जिससे टीम को अप्रत्याशित मजबूती मिली है।

पोंटिंग ने हार्दिक के आगमन से टीम में आए संतुलन पर जोर देते हुए कहा, हमने ट्रेड के जरिए उसे टीम शामिल किया है । इससे अब हमारे पास एक बेहद संतुलित टीम है। हमारी टीम में कितने आलराउंडर हैं, इसको लेकर काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि पंड्या के आने से टीम में आलराउंडर ही आराउंडर हो गये हैं जिनमें मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अजमतुल्लाह उमरजई, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह और कूपर कोनोली जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं।



मुख्य कोच ने ये भी कहा कि इस बदलाव से पंजाब किंग्स को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, चाहे वह स्पिन गेंदबाजी करने वाले आलराउंडर हों या तेज गेंदबाजी करने वाले आलराउंडर, हमने लगभग हर विभाग को कवर कर लिया है, जिससे टीम को मैदान पर कई विकल्प मिलेंगे और विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। यह दर्शाता है कि टीम मैनेजमेंट ने दीर्घकालिक सफलता के लिए गहरी योजना बनाई है। वहीं राजस्थान रायल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने शिमरोन हेटमायर को रिलीज करने के अपने फैसले पर बात की।

संगकारा ने बताया कि यह फैसला वेस्टइंडीज के इस आक्रामक बल्लेबाज की बल्लेबाजी क्रम में अलग स्थान पर खेलने की इच्छा के कारण लिया गया था। उन्होंने कहा, हमें हेटमायर को रिलीज करना पड़ा। पिछले डेढ़ साल से उनकी इच्छा किसी दूसरे बल्लेबाजी क्रम पर खेलने की रही है। इसमें कोई शक नहीं कि वह अब भी एक शानदार खिलाड़ी हैं। हालांकि, संगकारा ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल खिलाड़ी की इच्छा का मामला नहीं था, बल्कि टीम की रणनीतिक जरूरतों का भी हिस्सा था।